संoसंo–16 / एम.1–61 / 2025 –

**बिहार सरकार**

**स्वास्थ्य विभाग**

**प्रेषक,**

**उपेन्द्र राम,**
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

**प्रभारी पदाधिकारी,**
वित्त(वै0दा0नि0को0)विभाग, बिहार, पटना–800015

**पटना, दिनांक–**

**विषयः–** **किशनगंज जिला में कार्यरत नवनियुक्त होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापन की प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि का विनियमन के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग का पत्रांक PCFC/MED/RACS/2024/ 0640/2088(25) dated 27-12-2024**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विज्ञापन संख्या 06 / 2020 के आलोक में बिहार तकनीकी सेवा आयोग से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना संख्या–303(आoचिo), दिनांक–14.03.2024 द्वारा आयुष नवनियुक्त होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी को पूर्णतः औपबंधिक रूप से नियुक्त करते हुए 15 दिनों का चिकित्सीय प्रशिक्षण / जानकारी लेने हेतु विभिन्न जिलों में पदस्थापित किया गया।

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने तथा भारत निर्वाचन आयोग से सहमति नहीं मिलने के कारण आदर्श आचार संहिता के समापन के उपरांत स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना सं0–744(आoचिo), दिनांक–19.07.2024 द्वारा नवनियुक्त होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी को विभिन्न चिकित्सीय संस्थानों यथा अनुमंडलीय अस्पताल / सदर अस्पताल / अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों / जिला संयुक्त औषधालयो / राजकीय औषधालयों / आयुष कॉलेज अस्पतालों मे पदस्थापित किया गया, जिसके आलोक में सभी नवनियुक्त होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी योगदान देकर कार्यरत हैं। इस प्रकार सभी नवनियुक्त होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी, सिविल सर्जन कार्यालय में अनिवार्य पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे, जिसमें उनका कोई दोष नहीं है।

विभागीय पत्रांक–1397(आ0चि0) दिनांक 20.12.2024 द्वारा नवनियुक्त चिकित्सकों / फिजिशियनों के पदस्थापन की अनिवार्य प्रतीक्षा में बितायी गयी अविध को कतिपय शर्तो के साथ विनियमन किया जा चुका है। वित्त(वै0दा0नि0को0)विभाग के प्रासंगिक पत्र के आलोक में जिन नवनियुक्त होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा (दिनांक–20.07.2024 के अपराह्न तक या दिनांक– 20.07.2024 के पश्चात् प्रभार ग्रहण किया गया है) विनियमन की शर्ते पूरी कर ली गयी हैं उनका समेकित विनियमन सूचना अवधि सहित निम्नवत है :–

| क्र० स० | पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | वर्तमान पदस्थापन स्थल | अवधि जिनका विनियमन किया जाना है। | अवकाश उपभोग की सूचना | यदि वेतन पुर्जा निर्गत हो गया है, तो वेतन पुर्जा सख्या यदि नही तो **PRAN/ GPF** सख्या | उपस्थिति विवरणी | सेवा विनियमन के प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | डा० नजराना तबस्सुम, होमियोपैथ चिकित्सा पदाधिकारी | अति0प्रा0स्वा0केन्द्र, बेलवा किशनगज | दिनाक–16 03 2024 से 23 07 2024 तक 130 दिन | – | 13032525063095 | प्राप्त | पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि |
| 2 | डा० विद्या कुमारी, होमियोपैथ चिकित्सा पदाधिकारी | अति0प्रा0स्वा0 केन्द्र, सिधिया, किशनगज | दिनाक–15 03 2024 से 23 07 2024 तक 131 दिन | – | 02012525059428 | प्राप्त | पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि |
| 3 | डा० रीता राज, होमियोपैथ चिकित्सा पदाधिकारी | अति0प्रा0स्वा0 केन्द्र, मेहरगज, बहादुरगज | दिनाक–18 03 2024 से 23 07 2024 तक 128 दिन | – | 22012525060816 | प्राप्त | पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि |
| 4 | डा० गौरी मडल, होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी | अति0प्रा0स्वा0 केन्द्र, तरणी पोठिया | दिनाक–16 03 2024 से 23 07 2024 तक 130 दिन | – | 09122425057913 | प्राप्त | पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि |
| 5 | डा० सतोष कुमार सुमन, होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी | अति0प्रा0स्वा0 केन्द्र, चुरली प0, ठाकुरगज | दिनाक–19 03 2024 से 21 07 2024 तक 125 दिन | – | 22112425056947 | प्राप्त | पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि |
| 6 | डा० विनिता चौधरी, होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी | अति0प्रा0स्वा0 केन्द्र, कनकपुर, ठाकुरगज | दिनाक–20 03 2024 से 22 07 2024 तक 125 दिन | – | 19112425056679 | प्राप्त | पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि |
| 7 | डा० नम्रता कुमारी, होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी | अति0प्रा0स्वा0 केन्द्र, बनगावा, बहादुरगज | दिनाक–16 03 2024 से 23 07 2024 तक 130 दिन | – | 27012525061047 | प्राप्त | पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि |

उक्त अवधि में उनकी कोटि का वेतन देय होगा।

प्रस्ताव में सहायक आंतरिक वित्तीय सलाहकार एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–

सरकार के अवर सचिव

**ज्ञापांक–16/एम.1–61/2025 –** 896 – **(आ0चि0)/पटना, दिनांक–** 8.6.2026

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–सिविल सर्जन, किशनगंज/कोषागार पदाधिकारी, किशनगंज/सभी संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, किशनगंज/अधीक्षक/उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, किशनगंज/

F \PC Data\Anıl\Annujı\vınıyaman 20-08-2025\Dıstrıct by\Kısanganj\Letest Letter docx

सबंधित सभी नवनियुक्त होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**:–आई०टी०मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह०/-
08/08/25
सरकार के अवर सचिव